Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : 3467/ M-8 / 69 दिनांक : 29/6/26

सेवा में,


जिलाधिकारी महोदय,
कौशाम्बी।

विषय– समाचार पत्र मे प्रकाशित समाचार ''आधे गांव में ही पहुँच रहा पानी... 50 से अधिक घरों की टोटियां बनीं शोपीस'' की निस्तारण आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक Whatsapp के माध्यम से प्राप्त समाचार पत्र मे प्रकाशित समाचार ''आधे गांव में ही पहुँच रहा पानी... 50 से अधिक घरों की टोटियां बनीं शोपीस'' पत्र कतरन प्राप्त हुआ है, के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड– मंझनपुर की ग्राम पंचायत– चक सहनपुर में पेयजल योजना निर्माणाधीन है, जिसमें राजस्व ग्राम– चकसहनपुर एवं युसुफपुर रारा सम्मिलित है। योजनान्तर्गत नलकूप बोरिंग, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल एवं उच्च जलाशय का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है तथा 8.345 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 441 नग हाउस कनेक्शन प्रदान कर जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी थी। परन्तु राजस्व ग्राम– युसुफपुर रारा हेतु बिछायी गयी मेन लाइन में प्रेशर मेन्टेन करने हेतु अधिष्ठापित किये गये स्लूस वाल्व में अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर/ककंड भर दिये जाने के कारण जलापूर्ति बाधित हो गयी है। ग्राम– युसुफपुर रारा में जलापूर्ति बहाल किये जाने हेतु स्लूस वाल्व मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। मरंम्मत कार्य के उपरान्त जलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। जिसमें लगभग 02–03 दिवस का समय लगने की सम्भावना है।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कौशाम्बी को सादर सूचनार्थ।
2. प्रभारी अधिकारी(लो0/शि0), कलेक्ट्रेट, कौशाम्बी।
3. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# आधे गांव में ही पहुंच रहा पानी... 50 से अधिक घरों की टोटियां बनीं शोपीस

मंझनपुर। जल जीवन मिशन योजना के तहत चक सहनपुर ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी से गांव के आधे हिस्से में ही पानी पहुंच पा रहा है। युसुफपुर रारा गांव के 50 से अधिक घरों में लगी टोटियां सिर्फ शोपीस बनकर रह गई हैं। पानी नहीं आने से नाराज ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में भी आधा किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है।


ग्रामीणों ने बताया कि चक सहनपुर पंचायत में वर्ष 2024 में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण शुरू हुआ था। आपूर्ति के लिए किया गया पहला बोर जल्द ही खराब हो गया। इसके बाद वर्ष 2025 में रिबोर कराया गया। करीब आठ महीने पहले गांव की सड़कों को खोदकर पाइपलाइन तो बिछा दी गई लेकिन तकनीकी खामियों के चलते कई मोहल्लों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। संवाद


चक सहनपुर में स्थित पानी की टंकी। स्रोत: ग्रामीण


अन्य स्रोत से जो पानी आता है, उसमें कभी-कभी कीड़े दिखाई देते हैं। ऐसा दूषित पानी पीने से गांव में महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।
— अक्षय मौर्या, ग्रामीण


जिन घरों में पानी नहीं आ रहा, वे पड़ोसी के समर्सिबल के भरोसे हैं। पानी के लिए रोजाना 500 मीटर का चक्कर लगाना पड़ता है।
— निरंजन बाबू, ग्रामीण


पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों को वैसे ही छोड़ दिया गया है। अगर बरसात से पहले इन उखड़ी सड़कों की मरम्मत नहीं हुई, तो रास्ता दलदल में बदल जाएगा।
— अतुल शुक्ला, ग्रामीण


युसुफपुर रारा गांव में सूखी पड़ी पानी की टोटी। संवाद

**चक सहनपुर में पाइपलाइन बिछने के बाद भी जलापूर्ति नहीं**

चक सहनपुर पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक जल पहुंच रहा है। यदि कहीं पर समस्या है और पानी नहीं पहुंच रहा है। इसके समाधान के लिए तीन से चार दिन में में टीम भेजकर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। साथ ही खुदी सड़क को भी दुरुस्त कराया जाएगा।
— संदीप सिंह, अधिशासी अभियंता, जल जीवन मिशन

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner